web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 05 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 129

## महत्वपूर्ण एवं खास

### निर्माणाधीन इमारत ढहने से 7 मजदूरों की मौत

**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार देर रात यरवदा शास्त्री नगर इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। इस हादसे में 7 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 3 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मजदूरों को बाहर निकाला। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए अग्निशमन दल और पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि घटना इमारत के बेसमेंट में हुई। पुलिस उपायुक्त (जोन-5) रोहीदास पवार ने बताया कि कम से सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। उन्होंने कहा कि घटना उस वक्त हुई जब मजदूर वहां काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ काम करने वाले गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए थे। संभव है कि ढेर के नीचे कुछ मजदूर फंस गए हों। ढेर को हटाने का काम रात को ही शुरू कर दिया गया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुणे में एक निर्माणाधीन इमारत में दुर्घटना में मारे गए लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### बस ने बाइक को रौदा, दो युवकों की मौत

**जौनपुर (आरएनएस)।** चंदवक थाना क्षेत्र के बजरंग नगर बाजार में शुक्रवार को दोपहर बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। लोगों ने मार्ग जाम करते हुए आक्रोश जताया और बेलगाम रफ्तार भरती बसों को लेकर कार्रवाई की मांग की है। चंदवक थाना क्षेत्र के मूर्खा गांव निवासी 35 वर्षीय शिव कुमार राम व सेनापुर गांव निवासी 45 वर्षीय सर्वजीत राम बजरंग नगर बाजार से बाइक से घर जा रहे थे। बाजार के उत्तरी छोर पर गांव की तरफ घूमते समय वाराणसी से आजमगढ़ जा रही प्राइवेट बस ने पीछे से रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। हादसे की खबर लगते ही दोनों के घर में कोहराम मच गया। रोते- बिलखते स्वजन दुर्घटनास्थल पर आ गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर जाम को खत्म करने का प्रयास किया तो रास्ता जाम किए लोग मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे।

### ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**पानीपत (आरएनएस)।** पानीपत में जीटी रोड स्थित पुलिस लाइन के पास शुक्रवार सुबह 5 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। ओवरटेक कर रहे ट्रक ने इको कार को टक्कर मार दी। हादसे में इको गाड़ी में सवार यूपी से कैथल जा रहे एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। मृतकों में 2 सगे भाई , एक बच्चा और चाचा शामिल है। सेक्टर 29 थाना की पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। यूपी के बुलंदशहर निवासी दयानंद ने बताया कि वह हाल में सिलापुर, नोएडा में रह रहा है। उन्होंने बताया कि बेटी बिमला की कैथल में शादी हुई थी। गुरुवार रात करीब 11 बजे उन्हें उसकी मौत की सूचना मिली। वह रात 2 बजे किराये की इको गाड़ी में सवार होकर अपने बेटे रमेश (28), नवाब (40), राकेश, ममता, नीलम, प्रियांशु (6) और वंशिका के साथ कैथल के लिए रवाना हो गए। जब वह सुबह पांच बजे जीटी रोड पानीपत में पुलिस लाइन के पास पहुंचे तो पीछे से ओवरटेक कर रहे ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि करीब 40 मीटर तक आरोपी इक्को को घसीटता ले गया। टक्कर लगते ही गाड़ी में चीख पुकार मच गई। दयानंद ने बताया कि हादसे में उनके बड़े बेटे नवाब (40) और रमेश (28), भाई राकेश (35) और छह वर्षीय मासूम प्रियांशु की मौत हो गई। वहीं हादसे में ड्राइवर और उसके पास बैठी ममता (35), नीलम (32) और वंशिका (1) बाल बाल बच गईं। प्रियांशु नीलम का इकलौता बेटा था। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि टक्कर मारने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आरोपी चालक नशे में धुत्त था। ट्रक के पास शराब की बोतल पड़ी मिली।

# अगले 24 घंटे बारिश की संभावना; दिल्ली में टूटा 19 साल का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** उत्तर पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर पश्चिम में ठंड का कहर जारी है। दिनभर बादल औऱ कोहरा छाए रहने की वजह से आधिकतम पारा सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस लुढक़कर 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं फरवरी के पहले सप्ताह में ही राजधानी दिल्ली में सर्दी ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दिल्ली में गुरुवार का दिन पिछले 19 सालों में सबसे सर्द रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले 1 फरवरी 2003 को अधिकतम पारा 14.3 डिग्री सेल्सियस तक लुढक़ था। वहीं 71 साल में ये चौथी बार है जब फरवरी में तापमान में इतनी ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अलगे 24 घंटे में भी बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेंद्र जेनामणि के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से बादल छाए रहने



और दिनभर 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने से दिन के पारे में कमी आई है। इससे पहले फरवरी में 1970 में अधिकतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे कम रहा था। वहीं 1954 में 13.9 डिग्री सेल्सियस और 2003 में 14.3 डिग्री सेल्सिलयस अधिकतम पारा रिकॉर्ड किया गया था। वहीं मौसम विभाग ने एक दिन पहले बारिश की संभावना जताते हुए गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया था। ऐसे में बुधवार देर रात से ही तेज हवा के साथ मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी थी। सुबह जब लोग सोकर उठे तो धुंध औऱ बारिश की वजह से कंपकंपी से ठिठुर गए। सुबह साढ़े आठ बजे तक 0.6 मिमी और शाम साढ़े पांच बजे तक 0.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। दिनभर बादल छाए रहने के साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली और लोग ठिठुरते रहे। रिपोर्ट के अनुसार सर्दी से बचने के लिए जहां लोग अलाव का सहाया लेते हुए दिखे। वहीं घरों में लोगों को हीटर से राहत मिली। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किय गया है। हवा में नमी का स्तर 74 से 95 फीसदी तक रहा। शाम होते ही सर्द हवा की वजह से लोगों की कंपकंपनी और बढ़ गई थी। जनवरी में बारिश ने जहां 88.2 मिमी के साथ 122 साल का रिकॉर्ड बनाया है। वहीं 25 जनवरी को दिन का पारा सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस से लुढक़कर 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में हल्की बारिश, बर्फबारी जारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हल्की बारिश और बर्फबारी जारी है। ये जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को साझा की। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, शुक्रवार सुबह से मौसम में सुधार होने की संभावना है क्योंकि हम जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अगले 48 घंटों के दौरान शुष्क मौसम की उम्मीद कर रहे हैं। न्यूनतम तापमान श्रीनगर में 1.6, पहलगाम में माइनस 3.4 और गुलमर्ग में माइनस 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, लेह और द्रास दोनों में न्यूनतम तापमान शून्य से 9.3 जबकि कारगिल में शून्य से 14.0 नीचे दर्ज किया गया।

# सरकार ने ओवैसी को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को प्रमुख मुस्लिम नेता एवं हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो द्वारा 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ओवैसी की कार पर गोलियां चलाए जाने की घटना हुई थी।



सूत्रों ने बताया कि ओवैसी की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीआरपीएफ कमांडो तैनात रहेंगे। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय हापुड़ में उनकी कार पर कथित रूप से गोली चलाए जाने की घटना के एक दिन बाद आया है। ओवैसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद बृहस्पतिवार शाम को दिल्ली लौट रहे थे। एक सप्ताह बाद उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव शुरू होने वाले हैं। ओवैसी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद ओवैसी पर खतरे के स्तर का नए सिरे से आकलन किया गया। 'जेड'' श्रेणी की सुरक्षा के तहत सीआरपीएफ के दूसरे सबसे बड़े कमांडो ओवैसी की 24 घंटे सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। करीब 16-20 सशस्त्र कमांडो पालियों में तैनात किए जाएंगे। सडक़ मार्ग से यात्रा के उन्हें एक 'एस्कॉर्ट' और एक 'पायलट' वाहन भी प्रदान किया जाएगा।

'जेड-प्लस' भारत में उच्च खतरे की आशंका वाले व्यक्ति को प्रदान की जाने वाली उच्चतम श्रेणी की सुरक्षा है। ओवैसी ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से घटना की स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# दूरदर्शन का गणतंत्र दिवस कवरेज दुनिया भर में छाया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जब राष्ट्रीय महत्त्व के विशाल आयोजनों के 360 डिग्री कवरेज की बात आती है, तो दूरदर्शन के प्रसारण का कोई मुकाबला नहीं होता। अतीत में भी यह अनेक अवसरों पर साबित हो चुका है। लेकिन दूरदर्शन ने इस बार गणतंत्र दिवस 2022 के अभूतपूर्व कवरेज में खुद को ही पीछे छोड़ दिया है। इस बार भारतीय वायु सेना द्वारा हवाई-परेड के भव्य और गौरवशाली दृश्य पहले कभी नहीं देखे गये थे। इसके अलावा और भी बहुत सी शानदार आयोजन हुये। पारंपरिक दृश्यावलोकन में बदलती स्थितियों को ध्यान में रखते हुये, इस बार गणतंत्र दिवस को दूरदर्शन के यू-ट्यूब नेटवर्क पर भी प्रसारित किया गया। यू-ट्यूब पर दर्शकों की संख्या दूरदर्शन के टीवी नेटवर्क से अधिक थी। यू-ट्यूब नेटवर्क पर गणतंत्र दिवस के कवरेज को 2.6 करोड़ लोगों ने और टीवी नेटवर्क पर 2.3 करोड़ लोगों ने देखा। ये आंकड़े दूरदर्शन नेटवर्क की विशाल पहुंच के बारे में बताते हैं। इसके अलावा यह बात भी उल्लेखनीय है कि देशभर के 180 से अधिक चैनलों के जरिये दूरदर्शन के इस प्रसारण को 3.2 अरब मिनट (टेलीविजन व्यूइंग मिनट) देखा गया। अन्य चैनलों ने सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर तक दूरदर्शन के माध्यम से इसका प्रसारण किया। गणतंत्र दिवस के अपने ऐतिहासिक कवरेज के माध्यम से दूरदर्शन ने विश्वभर के दर्शकों तक अपनी पैठ बनाई। दुनिया भर के अपने दर्शकों की संख्या में कई गुना वृद्धि करके यह कारनामा कर दिखाया। उसके प्रसारण को 140 से अधिक देशों में लोगों ने देखा, जिनमें अमेरिका, कनाडा, जापान, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सउदी अरब, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं।

# पीएम मोदी 5 फरवरी को हैदराबाद का दौरा करेंगे, 'स्टेच्यू ऑफ इक्वेलिटी' राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 फरवरी को हैदराबाद का दौरा करेंगे। मोदी दोपहर बाद लगभग 2:45 बजे, हैदराबाद के पाटनचेरु में अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय ( आ ई सी आ र आ ई ए स ए टी ) परिसर का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री आईसीआरआईएसएटी की 50 वीं वर्षगांठ समारोह का भी शुभारम्भ करेंगे। मोदी हैदराबाद में शाम को लगभग 5 बजे स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी प्रतिमा राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

216 फीट ऊंची स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी प्रतिमा 11वीं सदी के भक्ति शाखा के संत रामानुजाचार्य की याद में बनाई गई है। रामानुजाचार्य ने आस्था, जाति और पंथ सहित जीवन के सभी पहलुओं में समानता के विचार को बढ़ावा दिया था। यह प्रतिमा पंचलोहा से बनी है, जो पांच धातुओं: सोना, चांदी, तांबा, पीतल और जस्ता का एक संयोजन है और दुनिया में बैठने की अवस्था में सबसे ऊंची धातु की मूर्तियों में से एक है। यह 54-फीट ऊंचे आधार भवन पर स्थापित है, जिसका नाम भद्र वेदी है। इसमें वैदिक डिजिटल पुस्तकालय और अनुसंधान केंद्र, प्राचीन भारतीय ग्रंथ, एक थिएटर, एक शैक्षिक दीर्घा हैं, जो रामानुजाचार्य के कई कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हैं। इस प्रतिमा की परिकल्पना रामानुजाचार्य आश्रम के चिन्ना जीयार स्वामी ने की है।

कार्यक्रम के दौरान रामानुजाचार्य की जीवन यात्रा और शिक्षा पर थ्रीडी प्रेजेंटेशन मैपिंग का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री 108 दिव्य देशम (सजावटी रूप से नक्काशीदार मंदिर) के समान मनोरंजनों का भी दौरा करेंगे जो स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी के चारों ओर बने हुए हैं।

रामानुजाचार्य ने राष्ट्रीयता, लिंग, नस्ल, जाति या पंथ की परवाह किए बिना हर इंसान की भावना के साथ लोगों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किया। स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी का उद्घाटन, रामानुजाचार्य की वर्तमान में चल रही 1000 वीं जयंती समारोह यानी 12 दिवसीय रामानुज सहस्रब्दी समारोहम का एक भाग है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान आईसीआरआईएसएटी की 50वीं वर्षगांठ समारोह का शुभारम्भ भी करेंगे। प्रधानमंत्री पौधा संरक्षण पर आईसीआरआईएसएटी के जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केंद्र और आईसीआरआईएसएटी की रैपिड जनरेशन एडवांसमेंट केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे। ये दो केन्द्र एशिया और उप-सहारा अफ्रीका के छोटे किसानों को समर्पित हैं।

# नीट पीजी परीक्षा 2022 स्थगित : स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया बड़ा फैसला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने फैसला लिया है कि नीट पीजी 2021 काउंसलिंग के चलते नीट पीजी 2022 परीक्षा को स्थगित किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष की परीक्षा 6-8 सप्ताह आगे के लिए टाल दी गई है। नीट पीजी 2022 परीक्षा 12 मार्च को आयोजित की जानी थी। दरसअल, एक याचिका में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी परीक्षा टालने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में छात्रों के एक समूह ने याचिका दायर कर यह मांग की थी। परीक्षा के आयोजन के लिए नई तिथियों के बारे में मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की समिति 6-8 सप्ताह के बाद समीक्षा कर फैसला लेगी।

पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में दाखिले के इच्छुक छात्रों ने याचिका में दावा किया था कि कई एमबीबीएस स्नातक छात्र अनिवार्य इंटर्नशिप अवधि पूरी न होने के कारण मार्च 2022 की नीट परीक्षा नहीं दे पाएंगे। इसलिए परीक्षा टाल देनी चाहिए। छह एमबीबीएस स्नातकों द्वारा दुबे लॉ चैंबर्स के माध्यम से दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को निर्धारित परीक्षा को तब तक स्थगित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी, जब तक कि पीजी परीक्षा के पात्रता नियमों में निर्धारित उम्मीदवारों की अनिवार्य इंटर्नशिप अवधि को पूरा




करने जैसी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया जाता है।

याचिकाकर्ताओं छात्रों का कहना था कि सैकड़ों एमबीबीएस स्नातक, जिनकी इंटर्नशिप कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए लगाई गई उनकी ड्यूटी के कारण अटकी हुई थी। ऐसे सैकड़ों छात्र इस अनिवार्य इंटर्नशिप ड्यूटी को पूरी नहीं कर पाने के कारण नीट पीजी 2022 की परीक्षा में शामिल होने से चूक जाएंगे। जबकि इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। इसलिए, याचिका में परीक्षा स्थगित करने की मांग की गई है। याचिका के जरिये नीट पीजी के सूचना बुलेटिन में दी गई शर्त, इंटर्नशिप पूरा करने के लिए 31 मई, 2022 की समय सीमा, को भी को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं ने 1500 उम्मीदवारों के समर्थन के साथ आग्रह किया है कि वे वर्ष 2021 में कोविड ड्यूटी में थे और इसलिए उनकी इंटर्नशिप स्थगित कर दी गई थी। याचिका में 31 मई से इंटर्नशिप पूरा करने की समय-सीमा बढ़ाने और फिर परीक्षा टालने की मांग की गई है।

# आईएनएस आदित्य ने घायल मछुआरों को बीच समुद्र में चिकित्सा सहायता मुहैया कराई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मछली पकडऩे वाली नौका एफवी महोनाथन से आपदा संदेश मिलने पर तीन फरवरी को गोवा से 75 नॉटिकल माइल्स दूर आईएनएस आदित्य ने गंभीर रूप से घायल मछुआरे को फौरन चिकित्सा सहायता मुहैया कराई। विपिन नामक मछुआरे का दायां हाथ बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके कारण खून बहुत बह गया था और ऑक्सीन का स्तर कम हो गया था।



आईएनएस आदित्य तेजी से मौके पर पहुंच गया और घायल मछुआरे को ऑक्सीजन लगाकर तथा उसकी मरहम-पट्टी करके जहाज पर ले आया। जहाज जब मदद के लिये मौके पर पहुंचा, तो देखा गया कि विपिन के दायें हाथ की हड्डी टूट गई थी और कई उंगलियां जख्मी हो चुकी थीं। उसे फौरन जहाज पर चढ़ाकर खून रोकने का उपचार किया गया। साथ ही शरीर में रक्त प्रवाह को स्थिर कर दिया गया।

नाव पर सवार सभी लोगों को आईएनएस आदित्य ने जहाज पर ही पकाया गया भोजन दिया। घायल मछुआरे की हालत जब स्थिर हो गई, तो उसे अपने साथियों के पास वापस भेज दिया गया।

# दिल्ली के साउथ एमसीडी के पैसों से 102 करोड़ की पार्किंग बनी स्विमिंग पूल बना

**नई दिल्ली (आरएनएस) ।** दिल्ली के साउथ एमसीडी के पैसों से 102 करोड़ की लागत से पार्किंग में बनी स्विमिंग पूल को लेकर आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गश पाठक भाजपा और पैसों को गलत तरीके से बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सराय जुलेना की 102 करोड़ की पार्किंग स्विमिंग पूल बन चुकी है लेकिन भाजपा का एक नेता खबर नहीं लेने आया। स्पष्ट है भाजपा ने कमीशन खाने के लालच में पार्किंग बनाई। दुर्गेश पाठक ने पार्किंग का एक वीडियो दिखाया जिसमें 5-6 फीट पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है। दीवारों पर सीलन साफ दिखाई दे रही है। वीडियो में मौजूद साउथ एमसीडी के एलओपी प्रेम चौहान ने कहा कि पार्किंग को बंद कर देना चाहिए क्योंकि पानी भरा होने के कारण इमारत कमजोर हो गई है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि एमसीडी में भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार का जो सिलसिला है, अब तो उसे गिनना भी मुश्किल हो गया है। किस तरह से भाजपा ने दिल्ली का पैसा बरबाद किया है, दिल्ली की जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है, उसका एक शानदार नमूना आज हम आपको दिखाने जे रहे हैं।एक वीडियो पेश करते हुए 'आप' नेता ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली में सराय जुलेना नाम का एक क्षेत्र है, जो न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के पास पड़ता है। वहां की जनता काफी समय से चाहती थी कि वहां एक पार्किंग बननी चाहिए। इसके बाद 102 करोड़ की अंडरग्राउंड पार्किंग बनाई गई। 2019 में उसका उद्घाटन हुआ। आज उस पार्किंग की यह हालत है कि वहां गाडिय़ां नहीं बल्कि सिर्फ पानी नजऱ आता है। यह भी नहीं कि थोड़ा-बहुत पानी हो, 5-6 फीट पानी भरा हुआ है। आपको इसका एक वीडियो देखाने जा रहे हैं, इस वीडियो के माध्यम से आप देख सकते हैं कि पार्किंग की क्या स्थिति है।वीडियो में पार्किंग की हालत दिखाते हुए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष प्रेम चौहान ने कहा कि यह भाजपा शासित साउथ एमसीडी की पार्किंग है। आप साफ देख सकते हैं कि यहां कितना पानी है। मेरी कमर तक पानी भरा हुआ है, जबकी पहले इससे भी ज्यादा पानी भरा हुआ था। इस पार्किंग को बनाने में लगभग 102 करोड़ रुपए भाजपा ने लगा दिए। यहां गाडिय़ों की पार्किंग संभव ही नहीं है क्योंकि यह पूरी तरह से स्विमिंग पूल बन चुकी है। आप यह भी कह सकते हैं कि दिल्ली में डेंगू से जो मौते हुईं, उस डेंगू का घर भी यही है। पार्किंग की दीवारों पर सीलन आ चुकी है। लगातार पानी भरे रहने के कारण यह इमारत भी कमजोर होने लगी है।पार्किंग की हालत को देखकर यह साफ बताया जा सकता है कि भाजपा ने सिर्फ और सिर्फ कमीशन खाने के लालच में यह पार्किंग बनाई। उसके बाद वह देखने तक नहीं आए कि आखिर पार्किंग चल भी रही है या नहीं। वहां गाडिय़ां पार्क हो भी रही हैं या नहीं। मैं यही कहूंगा कि इस पार्किंग को बंद कर देना चाहिए। इसके सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा के जिन-जिन नेताओं ने इस पार्किंग को बनाया, उनकी जांच होनी चाहिए। आदेश गुप्ता बार-बार आकर कहते हैं कि दिल्ली का नगर निगम बहुत अच्छा काम कर रहा है। तो यदि यह आपका अच्छा काम है तो जनता को ऐसा अच्छा काम नहीं चाहिए। आदेश गुप्ता आएं और पार्किंग की हालत को देखें। आप इसे या तो स्विमिंग पूल घोषित कर दीजिए या इसे डेंगू का घर घोषित कर दीजिए। क्योंकि यह पार्किंग तो बिल्कुल नहीं हो सकती है।दुर्गेश पाठक ने कहा कि कितना दुख होता है जब जनता के पैसे का दुरुपयोग किया जाता है। 102 करोड़ रुपए बरबाद कर दिए गए। ऐसा भी नहीं है कि इसमें पूरे 102 करोड़ रुपए लगे होंगे। सच्चाई यह है कि यह 102 करोड़ रुपए भाजपा के नेताओं ने खा लिए। यह पैसा दिल्ली की जनता का था, जिसे भाजपा ने पूरी तरह से बरबाद कर दिया। कितना गलत काम कर रहे हैं एमसीडी में बैठे भाजपा के लोग। मैं आदेश गुप्ता से कहना चाहता हूं कि आप भी इस वीडियो को देखें, वहां जाकर पार्किंग की हालत का जायजा लीजिए। वहां के सांसद रमेश बिधूड़ी ने उस पार्किंग का उद्घाटन किया था।

मैं उनसे भी कहूंगा कि यह वीडियो देखें और आपने देखा भी होगा। दिल्ली देश की राजधानी है। दिल्ली देश का मुकुट है, उस मुकुट के साथ आप लोगों ने खिलवाड़ किया है। उसकी इज्जत के साथ आपने खिलवाड़ किया है। दिल्ली की जनता आपको माफ नहीं करेगी। आने वाले चुनाव में आपसे बदला लेगी और आपकी सारी जमानत जब्त कराएगी।